गढ़वाली फिल्म 'सुनपट'का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टविल ऑफ इंडिया में चयन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड के विशेषकर पहाड़ की संस्कृति, यहाँ के लोगों की समस्या, पलायन, खानपान को दर्शाती गढ़वाली शार्ट फिल्म 'सुनपट'का गोवा में होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टविल ऑफ इंडिया के लिये चयन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इस फिल्म की शूटिंग पिछले वर्ष पौड़ी गढ़वाल के बीरोंखाल क्षेत्र में की गई थी।
- उल्लेखनीय है कि आगामी 20 से 28 नवंबर तक गोवा में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टविल ऑफ इंडिया का आयोजन किया जाएगा। इसके लिये प्रेस इन्फारमेशन ब्यूरो (पीआइबी) ने फिल्म फेस्टविल में दिखाई जाने वाली फीचर व नान फीचर की 44 फिल्मों का चयन किया है, जिसमें उत्तराखंड की गढ़वाली शार्ट फिल्म सुनपट भी शामिल है।
- मूलरूप से डांग गाँव बीरोंखाल व वर्तमान में जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद निवासी राहुल रावत ने निर्देशन के साथ फिल्म की कहानी लिखी है।
- निर्देशक राहुल ने बताया कि गढ़वाली शब्द सुनपट का मतलब 'सन्नाटा'है। सुनपट उत्तराखंड के गाँवों पर आधारित एक ऐसे समाज की कहानी है, जिसका बीता कल खोया हुआ है और आने वाला कल धुंधला नज़र आता है।
- फिल्म के मुख्य किरदार अनुज और भरत स्कूल के दोस्त हैं। फिल्म में उत्तराखंड के ग्रामीण परिवेश की झलक, पहाड़ों में जीवन का संघर्ष और उसकी अनिश्चितताओं को दिखाया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/garhwali-film-sunpat-selected-in-international-film-festival-of-india